संपादकीय

# सख्त कानून लागू

सरकार ने पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू कर दिया है। इस एंटी-पेपर लीक कानून के तहत पेपर लीक या उत्तर-पुस्तिका से छेड़छाड़ करने पर कम से कम तीन साल की सजा होगी जिसे दस लाख तक के जुर्माने के साथ बढ़ा कर पांच साल तक भी किया जा सकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार महीने पहले ही लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे चुकि थीं। इस कानून का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिग भर्ती परीक्षाओं और एनटीए द्वारा आयोजित अन्य तमाम परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना है।

इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों पर अब न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून से पहले राज्यों में नकल रोकने और परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली को रोकने संबंधी कानून बनाए गए हैं।

ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में ऐसे कानून हैं। हालांकि ये उस तरह के नतीजे देने में असफल रहे हैं, जिनके बलबूते परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया जा सके।

इस नये कानून द्वारा परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के प्रमुख और सदस्यों को लोक सेवक माना जाएगा ताकि उनके खिलाफ अपराध के साथ ही भ्रष्टाचार का मामला भी चलाया जा सके। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर उठने वाली उंगलियों के कारण युवाओं का भरोसा लगातार टूट रहा है।

बार-बार परीक्षा प्रणालियों पर संदेह और उनकी पारदर्शिता धूमिल पड़ने के चलते प्रतियोगियों में निराशा व्याप्त होती जा रही है। चूंकि अब यह संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आ गया है, इसलिए कोई भी पुलिस अधिकारी बगैर वारंट भी अपराधी को गिरफ्तार कर सकता है।

भले ही यह फैसला लेने में सरकार ने काफी ढिलाई बरती है लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद क्योंकि उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए परीक्षार्थियों का समूचा भविष्य ही दांव पर लगा होता है। परीक्षाओं में धांधली होनहार युवाओं को नैतिक तौर पर बुरी तरह तोड़ देती है।

हालांकि सख्त कानून बनाने में वक्त लगता है। विशेषज्ञों की राय और विभिन्न दृष्टिकोणों से इसे उस सख्ती से लागू किया गया ताकि भविष्य में इस तरह का कोई संकट ही न खड़ा हो सके। साथ ही, इस तरह के अपराधियों पर लगाम कसी जा सके। देखा जाना है कि कानून सख्त किए जाने के बाद पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों पर नकेल कसने में हम किसने सफल होते हैं।

# रिलायंस जियो ने यूजर्स को दिया झटका, महंगे किए टैरिफ प्लान, 3 जुलाई दिन से होंगे लागू

**मुंबई**

टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने अपने प्रीपेड टैरिफ प्लान की कीमतें बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। जानकारी के अनुसार कंपनी का बेस प्लान जो पहले 155 रुपये का था, जो बढक़र 189 रुपये का हो जाएगा।

जियो ने टैरिफ में करीब 22 प्रतिशत वृद्धि की है। रिलायंस जियो में अपने 19 प्लान की कीमतें बढ़ाई हैं, जिसमें 17 प्रीपेड और 2 पोस्टपेड़ हैं। यह पहली बार है जब जियो ने एयरटेल से पहले टैरिफ में वृद्धि की है। जो प्लान 209 रुपये का है, जिसकी कीमत अब बढक़र 249 रुपये हो गई है। इन प्लान की डेटा बेनफिट में कोई भी बदलाव नहीं हुए हैं। इसके साथ ही 239 प्लान जो अनलिमिडेट 5जी डेटा ऑफर करता है उसकी कीमत बढ़ाकर 299 रुपये कर दी गई है। नए प्लान 3 जुलाई से शुरू होंगे।

## जीओ के बाद अब एयरटेल ने भी ग्राहकों को दिया झटका, 21% तक महंगे किए सभी प्लान




दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने शुक्रवार को 3 जुलाई से मोबाइल टैरिफ में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। अनलिमिटेड वॉयस प्लान में कंपनी ने 179 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 199 रुपये, 455 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 599 रुपये और 1,799 रुपये वाले प्लान की कीमत बढ़ाकर 1,999 रुपये कर दी है। पोस्टपेड प्लान के लिए 399 रुपये वाला टैरिफ प्लान अब 449 रुपये का होगा। वहीं, 499 रुपये वाला प्लान अब 549 रुपये का मिलेगा। मौजूदा 599 रुपये वाला प्लान 699 रुपये का और 999 रुपये वाला प्लान अब 1199 रुपये का होगा। बढ़ी हुई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। भारती एयरटेल ने एक बयान में कहा कि भारत में दूरसंचार कंपनियों के लिए वित्तीय रूप से लाभकारी बिजनेस मॉडल के लिए मोबाइल एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) 300 रुपये से ज्यादा होना चाहिए। भारती एयरटेल ने कहा, हमारा मानना है कि एआरपीयू का यह लेवल नेटवर्क टेक्नोलॉजी और स्पेक्ट्रम में जरूरी निवेश को संभव करेगा और पूंजी पर मामूली रिटर्न प्रदान करेगा। भारती एयरटेल के शेयर सुबह के कारोबार में करीब एक प्रतिशत बढक़र 1,491 रुपये पर पहुंच गए। इससे पहले, रिलायंस जियो ने भी मोबाइल टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

# ऑल टाइम हाई पर शेयर बाजार, निफ्टी पहली बार 24,100 के पार

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान में खुले। टेलीकॉम कंपनियों की ओर से मोबाइल टैरिफ बढ़ाए जाने के कारण इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। बाजार खुलने के साथ ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश: 79,671 अंक और 24,174 अंक का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सुबह 9:50 बजे सेंसेक्स 368 अंक या 0.46 प्रतिशत चढक़र 79,610 अंक और निफ्टी 110 अंक या 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,155 अंक पर था।

सेंसेक्स में एनटीपीसी, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील में सबसे ज्यादा तेजी है। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स हैं।

निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 346 अंक या 0.46 प्रतिशत बढक़र 55,740 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 187 अंक या 1.03 प्रतिशत बढक़र 18,352 अंक पर है। जानकारों का कहना है कि सेंसेक्स 80,000 अंक का स्तर भी छू सकता है। सही वैल्यूएशन वाले लार्जकैप शेयर जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज और एयरटेल में तेजी देखने को मिल सकती है। अगर घरेलू निवेशक मुनाफावसूली करते हैं तो बाजार में गिरावट आ सकती है।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, वित्तीय सेवाएं, फार्मा, धातु और ऊर्जा सूचकांकों में तेजी है। ऑटो और रियलिटी सूचकांकों पर दबाव बना हुआ है।

# कई स्मार्टफोन्स पर नहीं चलेगा व्हाट्सऐप

**मुंबई**



अगर आप स्मार्टफोन धारक हैं और व्हाट्सऐप चलाते हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। खबर यह है कि व्हाटसएप में जो बदलाव किए जा रहे हैं उनके बाद कई फोनों में यह काम नहीं कर पाएगा। इससे यूजर्स को थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऐप अपडेट होते ही वर्क करना बंद कर देगी। अगर वह व्हाट्सऐप का यूज करना चाहते हैं तो उन्हें नया स्मार्टफोन खरीदना होगा। दरअसल मेटा के इस ऐप के वैश्विक स्तर पर 2 बिलियन से ज़्यादा यूजर हैं। हाल ही में व्हाट्सऐप ने अपनी मिनीमम डिवाइस की जरूरत को संशोधित किया है, जिसका असर पुराने डिवाइस वाले यूजर पर दिखाई देगा।

# चीन को झटका, भारत ने कई उत्पादों पर ठोंका डंपिंग रोधी शुल्क

**नई दिल्ली**



केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईटीसी) ने चीन तथा कुछ अन्य देशों के कई उत्पादों पर डंपिग रोधी शुल्क लगा दिया। बोर्ड के जारी नोटिफिकेशन में इन शुल्कों की घोषणा की गई है। चीन में बने या चीन से निर्यात किये गये सोडियम सायनाइड पर 554 डॉलर प्रति टन तक का और यूरोपीय संघ में बने या वहां से निर्यात सोडियम सायनाइड पर 230 डॉलर प्रति टन, जापान में बने या वहां से निर्यात किये गये सोडियम सायनाइड पर 447 डॉलर और दक्षिण कोरिया में बने या वहां से निर्यात किये गये सोडियम सायनाइड पर 413 डॉलर प्रति टन का डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया है।

इसी तरह चीन में बने या वहां से निर्यात होने वाले चिजेल टूल और रॉक ब्रेकर्स पर 162.5 प्रतिशत तक और दक्षिण कोरिया में बने या वहां से निर्यात होने वाले चिजेल टूल और रॉक ब्रेकर्स पर 52.77 प्रतिशत तक डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया है। चीन में बने या वहां से निर्यात होने वाले टिन प्लेट पर 741 डॉलर प्रति एक लाख पीस का डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया है। इस तीनों मामलों में ये शुल्क पांच-पांच साल के लिए लगाये गये हैं।

चीन में बने या वहां से निर्यात होने वाले टेलीस्कोपिक चैनल ड्रॉअर स्लाइडर पर 614 डॉलर प्रति टन का डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया है। यह छह महीने तक प्रभावी रहेगा। बता दें कि जब किसी देश को लगता है कि कोई दूसरा देश हमारे उद्योग को नुकसान पहुंचाने के लिए लागत से भी कम कीमत पर किसी वस्तु का हमें निर्यात कर रहा है, तो उस पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया जाता है।

# भारतीय गेंदबाजों ने उखाड़ी इंग्लैंड की बखिया, 68 रन से धूल चटाकर फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

**नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में कमाल का प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है. जी हां, इंग्लैंड के साथ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है. इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रनों का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड 103 पर ही ऑलआउट हो गई. नतीजन, फाइनल में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल की टिकट कटा ली है.

**टीम इंडिया ने 68 रन से चटाई इंग्लैंड को धूल-** भारत और इंग्लैंड के बीच एक बहुत ही शानदार सेमीफाइनल मैच खेला गया. टॉस जीतकर इंग्लैंड ने भले ही गेंदबाजी चुनी हो, लेकिन टॉस पर ही कप्तान रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि वह पहले बल्लेबाजी चाहते थे. पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की फिफ्टी, सूर्यकुमार यादव के 47 और हार्दिक पांड्या के 23 रन की बदौलत 172 रनों का लक्ष्य खड़ा किया था. लेकिन, लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम 103 रन पर ही ऑलआउट हो गई और भारत ने मुकाबले को 68 रन से जीत लिया.



**गेंदबाजों को जाता है जीत का श्रेय-** इस बात में कोई दोराह नहीं है कि बल्लेबाजों ने पहले 172 रनों का डिफेंडिंग स्कोर बनाया. लेकिन, इंग्लैंड के खिलाफ मिली इस बड़ी जीत का श्रेय गेंदबाजों को जाता है. इंग्लैंड ने शुरुआत अच्छी की थी. लेकिन, फिर अक्षर पटेल ने जोस बटलर को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई. फिर, तो नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और भारतीय गेंदबाजों ने 16.4 ओवर में इंग्लैंड को 103 रन पर ही समेट दिया.

भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे बॉलर्स हमें बड़े मैच जिताकर दे सकते हैं. भारत के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 3-3 विकेट लिए. जसप्रीत बुमराह के खाते में 2 विकेट आए और 2 बल्लेबाज रन आउट होकर पवेलियन लौटे.

**तीसरी बार फाइनल खेलेगी टीम इंडिया-** इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हराकर भारत ने फाइनल की टिकट कटा ली है. भारतीय टीम तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है.

# रोहित शर्मा का बड़ा कारनामा, ऐसा करने वाले भारत के 5 वें कप्तान बने

**नई दिल्ली**




भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टी 20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की पारी खेली थी. रोहित की इस धुआंधार पारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच से बाहर कर दिया था. सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड के खिलाफ रोहित ने 57 रनों की पारी खेली. रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पारी के दौरान भारतीय कप्तान के रुप में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की. रोहित ने बतौर कप्तान काफी कम समय में ये उपलब्धि हासिल की है. उन्हें 2021 की आखिर में भारतीय टीम की कप्तानी पूर्ण रुप से सौंपी गई थी. इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान के रोहित शर्मा भारतीय कप्तान के रुप में 5000 या उससे अधिक रन बनाने वाले 5 वें खिलाड़ी बन गए हैं. रोहित 57 रन की पारी के दौरान जब 24 वें रन पर पहुँचे तो बतौर कप्तान उनके 5000 रन पूरे हो गए. अब रोहित के बतौर कप्तान कुल 5033 रन हो गए हैं. बतौर कप्तान 5,000 रन बनाना एक बड़ी उपलब्धि है और रोहित ने इसे बहुत ही कम समय में हासिल किया है.

इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा ने 39 गेंद में 57 रन की पारी खेली. इस पारी में उन्होने 6 चौके और 2 छक्के लगाए. अपनी इस पारी के दौरान 5 वां चौका लगाते ही रोहित टी 20 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. रोहित के कुल 113 छक्के हो गए हैं. 111 चौके के साथ जयवर्धने दूसरे, 105 चौके के साथ विराट कोहली तीसरे और 103 चौके के साथ डेविड वॉर्नर चौथे नंबर पर हैं.

**अन्य भारतीय कप्तान-** भारतीय कप्तान के रुप में सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए हैं. विराट ने बतौर कप्तान 12883 रन बनाए हैं. दूसरे नंबर पर एमएस धोनी हैं. उन्होंने 11207 रन बनाए हैं. तीसरे नंबर पर मोहम्मद अजहरुद्दीन हैं. उन्होंने 8095 रन बनाए हैं. चौथे नंबर पर सौरव गांगुली हैं. गांगुली ने बतौर कप्तान 7643 रन बनाए थे.

# फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी जारी, अक्षय कुमार ने दिखाया आम आदमी का जिद्दी अंदाज

अक्षय कुमार अपनी अगली फिल्म सरफिरा को लेकर कमर कस चुके हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। वहीं, अब सरफिरा का पहला मार उड़ी जारी कर दिया गया है, जिसमें आम आदमी बने अक्षय कुमार का जिद्दी अंदाज देखने को मिल रहा है।

सरफिरा में अक्षय कुमार का किरदार एक ईमानदार शख्स है, जो सिस्टम के खिलाफ जाता है, लेकिन इस सफर में उसके सामने मुश्किलों का एक पहाड़ खड़ा है।




अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर सरफिरा के लेटेस्ट ट्रैक की रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, दिल है ये बावरा, लडऩे से कब डरता हैज्। उन्होंने ये भी लिखा, जब जिंदगी कोई चुनौती देती है, तो बस उसकी आंखों में देखो और मार उड़ी!! गाना रिलीज हो गया है। अब सरफिरा होने का वक्त आ गया है। 12 जुलाई को फिल्म रिलीज हो रही है।

सरफिरा के गाने मार उड़ी की शुरुआत अक्षय को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के एक साइंस इवेंट से बाहर निकाले जाने से होती है, जबकि वो विनती कर रहे होते हैं। इसके बाद बैकग्राउंड में परेश रावल की आवाज सुनाई देती है, जो कहते हैं, एविएशन का बिजनेस करना हर किसी के बस की बात नहीं है।

# रितेश देशमुख ने की पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत, फिल्मा का मोशन पोस्टर जारी




एक्टर-फिल्म मेकर रितेश देशमुख पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आने वाली वेब सीरीज के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें फार्मास्यूटिकल्स की अंधेरी और भ्रष्ट दुनिया की झलक दिखाई गई है।

मोशन पोस्टर में रितेश कह रहे हैं कि इस देश में किस बीमारी से कितने लोग मरते हैं, उसका डेटा हमारे पास है। लेकिन खराब दवाई की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, उसका कोई डेटा नहीं है।

मोशन पोस्टर के साथ जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम हैंडल पर कैप्शन लिखा था, आपकी दवा (मेडिसिन) वास्तव में किस चीज से बनी है? पिल विशेष रूप से 12 जुलाई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीमिंग।

# अल्लारी नरेश की फिल्म बच्चला मल्ली का पहला लुक आया सामने



हीरो अल्लारी नरेश अपनी आगामी फिल्म बच्चला मल्ली में एक गंभीर भूमिका में रोमांचित करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन सोलो ब्रैथुके सो बेटर फेम सुब्बू मंगादेवी कर रहे हैं। रज़ेश डांडा और बालाजी गुट्टा इस फिल्म का निर्माण हास्य मूवीज़ के बैनर तले कर रहे हैं, जिसने ब्लॉकबस्टर समाजवरगमना और ऊरु पेरू भैरवकोना जैसी फ़िल्में दी हैं। निर्माताओं ने आज फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया।

अल्लारी नरेश अस्त-व्यस्त बालों और असमान दाढ़ी के साथ पहले कभी न देखे गए सामूहिक अवतार में दिखाई दे रहे हैं। रिक्शा पर बैठे और सिगरेट पीते हुए, नरेश अपनी आँखों में तीव्रता के साथ एक गंभीर नज़र आ रहे हैं। उन्होंने अपने गले और हाथ में पवित्र धागे पहने हुए हैं। पृष्ठभूमि में, हम आतिशबाजी के साथ एक कार्निवल देख सकते हैं और लोग क्रूर देवताओं की वेशभूषा में हैं। हाई-वोल्टेज फाइट सीक्वेंस का यह आकर्षक पहला पोस्टर दर्शाता है कि बच्चला मल्ली एक गहन और अपनी तरह की पहली एक्शन एंटरटेनर होगी।

फिल्म में अमृता अय्यर मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं, जबकि उनके अपोजिट अल्लारी नरेश हैं। रोहिणी, राव रमेश, अच्युत कुमार, बालगाम जयराम, हरि तेजा, प्रवीण, विवा हर्ष आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

बड़े पैमाने पर बनने वाली बच्चला मल्ली में कुछ मशहूर तकनीशियन अलग-अलग विभागों को संभालेंगे। सीता रामम से मशहूर हुए विशाल चंद्रशेखर संगीत देंगे, जबकि रिचर्ड एम नाथन जिन्होंने मनाडू, रंगम और मट्टी कुश्ती जैसी फिल्मों में काम किया है, कैमरा संभालेंगे। छोटा के प्रसाद संपादक हैं और ब्रह्मा कदली प्रोडक्शन डिजाइनर हैं।

जबकि कहानी और संवाद सुब्बू ने खुद लिखे हैं, विपार्थी मधु ने पटकथा लिखी है और अतिरिक्त पटकथा विश्वनेत्र ने लिखी है।

कहानी नायक की भावनात्मक यात्रा है और यह 1990 की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग आरएफसी, हैदराबाद में हो रही है। प्रोडक्शन का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है।


# शब्द सामर्थ्य- 102

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# सू-दोकू- 102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए संपत्ति मिलने का संकेत दे रहा है। आज परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने जायेंगे।

***वृष-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के बड़ों से आगे बढऩे की राय मिलेगी। जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा।

***मिथुन-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी ख़ास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

***कर्क-*** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज स्वजनों से स्नेह बढेगा। आज खानपान में रूचि बढ़ेगी। जो लोग कोई कम्पूटर कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा।

***सिंह-*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज जानकार लोगों की सलाह मिलेगी। रियल स्टेट के कारोबारियों की आज कोई प्रॉपर्टी सेल हो सकती है। अगर आप वाहन लेना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल रहेगा।

***कन्या-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए। छात्रों को आज अपने प्रोजेक्ट पूरा कर लेना चाहिए।

***तुला-*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ आपकी मीठी नोक-झोक होगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे सफलता अवश्य मिलेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छी सलाह मिल सकती है।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको कोई नया व्यापार शुरू करने का मौका मिलेगा। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है।

***मकर-*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। आपको बिजनेस में बड़ी सफलता मिलने के योग दिख रहे हैं।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। आप किसी काम को करने से पहले उसके लिए सोच विचार अवश्य करें।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी उस एनर्जी को सही कामों में लगाएं।